समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# ENG vs IND 2nd Test: गेदंबाजों ने थामा बल्ला, एजबेस्टन मे भारत की रणनीति मे बड़ा बदलाव।

Publisher

Published on 01 Jul 2025



## पहले टेस्ट मे हार के बाद भारत ने किया बैटिंग ऑर्डर मे सुधार का फैसला, अब गेदंबाज भी कर रहे है नेट मे बंल्लेबाज़ी की जमकर प्रैक्टिस।

**ENG vs IND 2nd Test:** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज़ का दूसरा मुकाबला **2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम** में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारत को मिली हार के बाद अब टीम इंडिया ने एक नया कदम उठाया है। इस बार सिर्फ बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि **तेज गेदंबाज़ और स्पिनर्स भी बल्ला लेकर नेट्स** में पसीना बहा रहे हैं।

पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने कुल **5 शतक** लगाए—**यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋषभ पंत (दो बार) और केएल राहुल** ने शानदार पारियां खेलीं, फिर भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसकी बड़ी वजह मानी जा रही है निचले क्रम की असफलता, जहां पहली पारी में **41 रनों के अंदर 6 विकेट** गिरे और **दूसरी पारी मे 31 रन के अंदर 6 विकेट**।

**गेदंबाजों ने थामा बल्ला :**
ज**सप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाशदीप** और **प्रसिद्ध कृष्णा** जैसे गेंदबाज अब गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी टीम इंडिया को मजबूती देने की तैयारी में हैं। **प्रैक्टिस सेशन** में खिलाड़ियों ने **फुल बैटिंग** गियर पहनकर बल्लेबाजी की।

सिराज ने कहा, “टीम के लिए जितना हो सके उतना योगदान देना चाहता हूं, अब वो गेंद से हो या बल्ले से।”
वहीं, तेज़ गेंदबाज आकाशदीप ने कहा, “हम जिस नंबर पर बल्लेबाज़ी करने आते हैं, वहां अक्सर मैच फंसा हुआ होता है। मैं हमेशा अपने ऊपर 20 से 40 रन का प्रेशर डालता हूं।”

कब और कहां होगा मैच:

१. **मैदान : एजबेस्टन स्टेडियम, बर्मिंघम**

२. **समय : दोपहर 3:30 बजे (भारतीय समय अनुसार)**

३. **प्रसारण : सभी प्रमुख स्पोर्ट्स चैनल और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर लाइव**

**पहले टेस्ट की हार से मिली सीख :**

भारत को **लीड्स टेस्ट** में मिली हार के बाद ये साफ़ हो गया है कि सिर्फ टॉप ऑर्डर नहीं, बल्कि निचला क्रम भी उतना ही अहम होता है।

बल्लेबाज़ों के बाद गेंदबाज़ों की बल्लेबाज़ी क्षमता अब **टीम इंडिया** की **जीत-हार** का फर्क तय कर सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.